हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 19.8 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

9 वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित देशों की सूची में शामिल होगा भारत ...



10 एक्साइज ऑफिस में सीएम फ्लाइंग की रेड, आधे से अधिक स्टाफ मिला नदारद



## खबर संक्षेप

### आर्म्स एक्ट का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर
रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने गोकशी और आर्म्स एक्ट के तहत 2 वर्ष पुराने मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने 20 नवंबर 2021 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। एक वाहनों से गोवंश को मुक्त कराया गया था। पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। एक आरोपी नूंह के रहना निवासी आमिर को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी।

### शादी में फायरिंग के आरोपी का सरेंडर
रेवाड़ी। रामपुरा थाना क्षेत्र में 4 दिसंबर की रात शादी समारोह में फायरिंग करने के आरोपी ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। पुलिस ने झज्जर के हसनपुर निवासी देशराज के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। वह आर्म्स लाइसेंस के साथ हथियार व 46 करतूस लेकर थाने में पहुंचा गया। पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### जुआ खिलाने का आरोपी किया काबू
रेवाड़ी। थाना कसोला पुलिस ने दो लोगों को जुआ खिलाने के लिए तैयार करने के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कसोला चौक के पास 24 दिसंबर को गोटियों से जुआ खिलाने के आरोप में दो लोगों को काबू किया था। पूछताछ में उन्होंने बताया था कि आसलवास निवासी हरेंद्र ने उन्हें जुआ खिलाने के लिए गोटियां देकर भेजा था।

### दुष्कर्म का आरोपी यूपी से गिरफ्तार
रेवाड़ी। थाना कसोला पुलिस ने एक महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को यूपी से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 2 अक्टूबर को यूपी के छिरौली निवासी अमित कुमार के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने से पहले ही आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे यूपी से गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने काबू किए दो उद्घोषित अपराधी
रेवाड़ी। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पीओ घोषित किए गए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने नांधा निवासी जितेंद्र को चोरी के मामले में पीओ घोषित किया था। कोर्ट के आदेश पर सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद उसे काबू कर लिया। अन्य मामले में मॉडल टाउन पुलिस ने पीओ घोषित किए गए आसलवास निवासी दिनेश को काबू किया है।

### दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार
रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दर्ज शिकायत में एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था। पुलिस 12 दिसंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने कुमरोधा निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है।

### चेन स्नैचिंग के आरोप में एक गिरफ्तार
रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने चेन स्नैचिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर 4 नवंबर को केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार
रेवाड़ी। यादव नगर में घर में घुसकर दादा-पोते के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 27 दिसंबर को पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने शिव कॉलोनी निवासी हिमांशु, यादव नगर निवासी अजय, शिव कॉलोनी निवासी नितिन व नगर निवासी संदीप को काबू किया है।

## शहर में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण, सीएम फ्लाइंग ने 9 दुकानों को किया सील

# नप का अवैध निर्माणों में सेटिंग का खेल सीएम फ्लाइंग ने मोर्चा संभाल किया फेल

- संस्थाओं ने कई दुकान मालिकों को नोटिस दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में अवैध रूप से दुकानों व भवनों के किए गए निर्माण को लेकर सीएम फ्लाइंग ने मोर्चा संभाल लिया है। सीएम फ्लाइंग की ओर से बिना नक्शा पास कराए बनाई गई करीब 9 दुकानों को सील कर दिया है। इनमें गढ़ी बोलनी रोड स्थित बीडीपीओ कार्यालय की 4 दुकानें तथा मॉडल टाउन स्थित हिंदू स्कूल सोसायटी की 5 दुकानों को सील किया गया है तथा संस्थाओं ने कई दुकान मालिकों को नोटिस भी दिए गए है।

शहर के कई भवन सीएम फ्लाइंग के टारगेट पर है। शहर में बड़ी संख्या में नियमों को ताक पर बिल्डिंग व दुकानों के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए निर्माण किए जा रहे हैं। नप अधिकारियों की ओर से इनके मालिकों को नोटिस दिए जाते है, इसके बाद 'सेटिंग' के खेल ने सभी बिल्डिंगों को क्लीन चिट देने का काम कर दिया जाता है।

अधिकारियों के लिए नोटिस ही जेब गर्म करने का माध्यम साबित हो रहे हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जब बिल्डिंग निर्माण में नियमों की पालना की गई थी, तो उन्हें नोटिस किस आधार पर जारी किए गए।






रेवाड़ी। मॉडल टाउन में बने भवन का फाईल फोटो, मॉडल टाउन में सील की गई हिंदू स्कूल सोसायटी की दुकानें। फोटो :हरिभूमि

### शिकायत मिलने के बाद पहुंची सीएम फ्लाइंग
गढ़ी बोलनी रोड स्थित बीडीपीओ कार्यालय में 9 दुकानें बनी हुई हैं, जिनका नक्शा पास नहीं होने की शिकायत सीएम फ्लाइंग के पास पहुंची थी। मॉडल टाउन में हिंदू स्कूल सोसायटी ने भी करीब 9 दुकानों का निर्माण किया है। यह दुकानें भी काफी दिनों से चर्चा में थी। सीएम फ्लाइंग इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंच कर दुकानों को सील कर दिया। कार्रवाई के समय नगर परिषद से एमई नरेश कुमार व बीआई सुशील कुमार भी मौजूद थे। बीडीपीओ कार्यालय की 4 दुकानें सील करने के बाद 5 दुकानों को खाली करने के नोटिस दिए गए है तथा हिंदू स्कूल सोसायटी की 5 दुकानें सील करके 4 दुकानों के लिए नोटिस दिए है। शहर अवैध रूप से बनाई जा रही ऐसी बिल्डिंगों की संख्या काफी अधिक है। नगर परिषद की ओर से खानापूर्ति के लिए नोटिस दिए जाते है, जिसके बाद सेंटिग होने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है और अवैध भवनों का निर्माण होकर व्यावसायिक प्रयोग शुरू हो जाता है।

### सभी अवैध निर्माणों पर होगी कार्रवाई
*नगर परिषद की ओर से पिछले दिनों दिए गए सभी नोटिसों की जांच की जा रही है। बिल्डिंग निर्माण में कोई भी अनियमित्ता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से निर्माण करके वालों को बक्शा नहीं जाएगा।*
*-सतेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर सीएम फ्लाइंग।*

### रेजिडेंशियल एरिया में कमर्शियल निर्माण
मॉडल टाउन एरिया पूरी तरह रेजिडेंशियल है। इस एरिया में इस समय कमर्शियल निर्माण पर रोक है। कमर्शियल बिल्डिंग्स के नक्शे स्वीकृत नहीं किए जा सकते। शहर के कई अन्य रेजिडेंशियल एरिया में भी ऐसा ही है। इसके बावजूद खुलकर कमर्शियल निर्माण हो रहे हैं। इन निर्माण के पीछे किसका हाथ है, इस बार में भी अधिकारी बताने को तैयार नहीं हैं। घोटालों के लिए बदनाम नगर परिषद के चंद अधिकारियों के लिए नियमों को ताक पर रखकर किए जाने वाले निर्माण मोटे मुनाफे का सौदा साबित हो रहे हैं। अगर मामले की जांच हो, तो इसमें बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

### कई बिल्डिंग्स में सौ फीसदी तक बेसमेंट
सूत्र बताते हैं कि शहर में कई बिल्डिंग मालिकों ने नियमों को पूरी तरह ताक पर रखकर 100 फीसदी एरिया में बेसमेंट बनाए हुए हैं, जिनकी अनुमति जुर्माना वसूलकर भी नहीं दी जा सकती। आगे व पीछे सेटबैक के नाम पर एक इंच जमीन तक नहीं छोड़ी हुई है। बड़ी संख्या में बिल्डिंग मालिकों ने फायर एनओसी तक नहीं ली हुई। इसके बावजूद ऐसी बिल्डिंग्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। बिल्डिंग तैयार होने के बाद नोटिस के बहाने डराकर मोटी वसूली की जा रही है।

## पूजा व बिजेन्द्र को एमडीयू में मिली पीएचडी की उपाधि




रेवाड़ी। पीएचडी की डिग्री के साथ पूजा व बिजेन्द्र।

रेवाड़ी। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में हुए दीक्षांत समारोह में रेवाड़ी जिले के दो भाई-बहन को पीएचडी की उपाधि से सुशोभित किया गया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय ने डा. पूजा यादव व उनके बड़े भाई डा. बिजेन्द्र सिंह को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। पूजा ने अपनी सफलता का श्रेय ससुर नरेंद्र सिंह शारीरिक शिक्षा अध्यापक, पिता अर्जुन सिंह, पति विकास यादव व डा. प्रतिमा रंगा के मार्गदर्शन को दिया है। डा. पूजा यादव ने एमडीयू कानून विभाग से मास्टर ऑफ लॉ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करके डिग्री प्राप्त की। पूजा वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कानून की परामर्शदाता के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। डा. बिजेंद्र सिंह ने प्रबंधन विषय में शोध कार्य करके डिग्री हासिल की। राजकीय कन्या कॉलेज से डा. धीरज यादव, रिटायर्ड अधिकारी रामावतार एकलव्य, सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी नरपाल सिंह यादव, महेंद्रपाल यादव, शिवकुमार यादव चीफ इंजीनियर, विजयलक्ष्मी प्राध्यापक हिंदी, डा. विनय यादव, डा. रितु यादव, डा. अनुज, डा. जितेंद्र यादव, डा. अनीता यादव व देवेंद्र सिंह ने डा. पूजा व डा. बिजेन्द्र सिंह को बधाई दी है।

# रामपुरा में डीटीपी की कार्रवाई अवैध दुकान व गोदाम किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- डीटीपी की कार्रवाई के दौरान पुलिसबल तैनात रहा

डीटीपी की टीम ने वीरवार को रामपुरा व डालियाकी रोड पर अवैध रूप से व्यावयायिक प्रयोग में लाए जा रही दुकानों व गोदामों को सील करने की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई के दौरान पुलिसबल तैनात रहा। डीटीपी की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिसबल के साथ वीरवार को मौके पर पहुंची। पुलिस बल साथ होने के कारण कार्रवाई का कोई विरोध नहीं किया गया।

### नहीं खरीदें अवैध कॉलोनी में प्लॉट
डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि सरकार की ओर से कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसी का फायदा उठाते हुए प्रॉपर्टी डीलर लोगों को गुमराह करते हुए अवैध कॉलोनियों में प्लॉट बेचने का कार्य कर रहे हैं। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले उनके ऑफिस आकर यह पता करना चाहिए कि जिस कॉलोनी में वह प्लॉट खरीद रहे हैं यिमित है या नहीं। अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदकर निर्माण करने के बाद जब तोड़फोड़ की जाती है, तो लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। कॉलोनाइजरों को चेतावनी दी कि वह किसी भी सूरत में अवैध कॉलोनियों को बढ़ावा नहीं देने देंगे।



रेवाड़ी। डीटीपी की ओर से सील किया गया गोदाम, डीटीपी मंदीप सिहाग। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। कुई पर कार्य कराते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पंचायत ने घमंडी की कुई का कराया जीर्णोद्धार
नाहड़। ग्राम पंचायत नाहड़ की ओर से गांव में स्वच्छता एवं जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। गांव की फिरनी की नालियों की साफ सफाई के साथ-साथ घमंडी की कुई में टाइल्स लगवाई गई हैं। पूर्वजों की स्मृति में स्व. लाला मुसद्दीलाल के आत्मज पूर्व लोकसभा सदस्य स्व. घमंडीलाल बंसल ने इस कूप का जीर्णोद्धार 2015 में कराया था, जिसके बाद यह जर्जर हालत में थी। गांव में पानी की समस्या के चलते इसका निर्माण कराया गया था। ग्राम पंचायत नाहड़ सरपंच महेंद्र सिंह व पंचों की आर से इसके चारों तरफ टाइल्स लगवाई गई हैं। ग्रामीण सूबेदार भोलूराम, राम अवतार जांगड़ा, सुरेश कुमार व बिंदू शर्मा ने बताया कि पहले इस जगह मुसलमानों की ओर से झेरा बनाया गया था। इसके बाद पानी की समस्या को देखते हुए कुई का निर्माण कराया गया था। एक दो घटना होने के कारण इस कूप को बंद कर दिया गया है। कुई में ट्यूबवेल लगवाया हुआ है, जिससे गांव में पानी की सप्लाई की जाती है।

### पंचायत फंड की जांच में अधिकारी मौन, आदेश के बाद भी नहीं पहुंच रहे ग्राम सचिव व पूर्व सरपंच
धारूहेड़ा। ग्राम पंचायत डूंगरवास के पंचायत फंड की जांच में एसडीएम कोसली की ओर से दिए गए आदेश में बीडीपीओ धारूहेड़ा, ग्राम सचिव व पूर्व सरपंच डूंगरवास का रिकॉर्ड के साथ तलब किया गया था, लेकिन वीरवारकिसी ने भी कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। गांव डूंगरवास निवासी चन्दर प्रकाश ने बताया की उन्होंने ग्राम पंचायत डूंगरवास खंड धारूहेड़ा के पंचायत फंड की जांच कराने के लिए एक शिकायत दी थी, जिसकी सीएम फ्लाइंग के माध्यम से डीसी के आदेश पर कोसली एसडीएम को जांच सौंपी गई थी। एसडीएम कोसली ने 5 जून 2023 को सुबह 10 बजे बीडीपीओ धारूहेड़ा, ग्राम सचिव व पूर्व सरपंच डूंगरवास को पत्र भेजकर रिकॉर्ड सहित अपने कार्यालय में उपस्थिति होने के आदेश जारी किए थे, जिसमें कोई भी उपस्थिति दर्ज नहीं हुई। उसके बाद 26 जून को आदेश जारी किए गए। उसमें भी कोई नहीं पहुंचा। उसके बाद 28 दिसंबर को भी रिकार्ड सहित पहुंचने का आदेश था, लेकिन वीरवार को भी कोई भी कार्यालय में नहीं पहुंचा। चन्दरप्रकाश ने बताया की एसडीएम रीडर की सूचना पर वह वीरवार का कार्यालय में सभी प्रूफ दस्तावेज लेकर पहुंच गए, लेकिन ग्राम सचिव व पूर्व सरपंच के नहीं आने पर मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में दोनों स्कूलों के विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने मिलन समारोह में अच्छे परिणाम के तरीकों पर की चर्चा
बावल। राजकीय उच्च विद्यालय तिहाड़ा और दिल्ली पब्लिक स्कूल बावल के विद्यार्थियों का मिलन समारोह डीपीएस बावल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक हरिओम सिवाच ने की। राजकीय उच्च विद्यालय, तिहाड़ा से हिंदी अध्यापक राजेश कुमार और विज्ञान अध्यापक सत्यव्रत मौजूद थे। दोनों विद्यालय के कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों ने मिलन समारोह में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे से पढ़ाई संबंधित पद्धतियों और अच्छे परिणाम पाने के तरीकों पर विचार विमर्श किया। विद्यार्थियों ने समारोह में नृत्य, गायन और चुटकुले प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की ओर से एक-दूसरे को स्मृति चिह्न स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए। राजकीय विद्यालय तिहाड़ा के शिक्षकों की ओर से डीपीएस स्टॉफ का आभार प्रकट किया गया।

# अधूरा पड़ा नाले का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा



रेवाड़ी। सड़क पर बह रहा गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

सुभाष चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-48 पर जाने वाले मार्ग पर गंदा पानी जमा होने से सेक्टर-4 व सेक्टर-6 के लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। हवा सिंह, सूरजमानी, नानक चंद, मलूक सिंह, राजेंद्र शर्मा व रमेश ने बताया कि करीब 5 माह से गंदे नाले का निर्माण कार्य पेंडिंग पड़ा हुआ है। नगर पालिका की ओर से समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। लोगों ने बताया कि ठेकेदार की पेमेंट नहीं होने के कारण कार्य पूरा नहीं किया जा रहा है। मार्ग पर सिर्फ 20 मीटर नाले का निर्माण ही किया गया है, पेमेंट नहीं होने के कारण बाकी कार्य अधूरा पड़ा हुआ हैद्व जिससे सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के उदासीन रवैये का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। मार्ग से पैदल गुजरने वाले राहगीरों व स्कूली बच्चों के कपड़े गंदे पानी से खराब हो रहे है। सेक्टरवासियों ने जिला प्रशासन से गंदे नाले का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## घने कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार, कई ट्रेनों का संचालन भी देरी से

# 20 डिग्री से नीचे आया तापमान, कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिसंबर माह के अंत में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे आने और घना कोहरा छाने का जनजीवन पर व्यापक असर पड़ना शुरू हो गया है। कोहरे के कारण सड़कों पर यातायात की गति धीमी रही, तो ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ। आने वाले दो-तीन दिन तक कोहरा छाया रह सकता है। इस दौरान दिन के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। मकर संक्रांति तक लोगों को अब कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ सकता है। वीरवार को सर्दी के सीजन में अधिकतम तापमान पहली आर गिरकर 19.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 8.5 रिकॉर्ड गया। बुधवार शाम से ही घना कोहरा गिरना शु हो गया था। रात को कोहर गहरा गय। वीरवार सुबह एक बार फिर से घना कोहरा छा गया। वाहन चालकों ने लाइटें जलाकर एक-दूसरे के पीछे चलते हुए सफर तय किया। नेशनल हाइवे पर वाहनों की गति काफी धीमी रही। कोहरे के कारण लंबी दूरी की 6 ट्रेनों का संचालन एक से दो घंटे की देरी से हुआ, जिस कारण रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन में आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं, जिससे कोहरे का असर और अधिक बढ़ेगा। अभी बरसात की संभवना नहीं नजर नहीं आ रही हैं। मौसम फसलों के अनुकूल बना हुआ है। अगर कोहरे का असर कम होता है, तो तापमान गिरने से पाला जमकर फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर अगेती सरसों की फसल को पाले से नुकसान की आशंका बनी रहेगी। ऐसे में किसानों को फसलों की हल्की सिंचाई करनी चाहिए, ताकि जमीन का तापमान बढ़ने से पाला नहीं जम पाए।



रेवाड़ी। अनाजमंडी मार्ग पर रात को छाया कोहरा, अलाव जलाकर ठंड से राहत पाते लोग। फोटो :हरिभूमि

### नौकरीपेशा लोगों को होने लगी परेशानी
मौसम के बदलते मिजाज और सुबह-शाम घना कोहरा छाने के कारण नौकरीपेशा लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें सुबह समय से पहले घर से निकलना पड़ता है, जबकि रात को घर पहुंचने में काफी समय लगने लगा है। सरकारी दफ्तरों में कर्मचारी देरी से पहुंचने लगे हैं। बाजार में ग्राहकों की संख्या कम होने लगी है। दुकानदार भी हीटर या अलाव के सहारे बैठने लगे हैं। सर्दी बढ़ने पर उनकी बिक्री पर भी असर होने लगा है। बाजार में बिजली के उपकरणों की डिमांड जरूर बढ़ने लगी है।

### दोपहर के समय धूप से काफी राहत
सुबह-शाम घना कोहरा छाया रहने के बावजूद सुबह करीब 10 बजे के बाद मौसम साफ होने से तेज धूप नियमित रूप से निकल रही है। धूप निकलने के बाद लोगों को सर्दी से कुछ राहत जरूर मिलती है। तेज धूप के कारण ही अभी अधिकतम तापमान ज्यादा नहीं गिरा है। सर्दी बढ़ने पर प्रदूषण का असर बढ़ जाता है, लेकिन इस बार प्रदूषण से राहत मिली हुई है। सुबह के समय एक्यूआई 109 दर्ज किया गया, जिसे काफी अच्छा माना जाता है।

## खबर संक्षेप



### सहकारी समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन

**बावल।** दी बावल फार्मर बहुउद्देशीय सहकारी समिति बिठवाना एंड टांकड़ी की वार्षिक मीटिंग का आयोजन वीरवार को मेहता गार्डन बिठवाना में किया गया। मुख्य अतिथि बावल से सब इंस्पेक्टर सदानंद थे। बैठक में डा. राजकुमार व समिति के सीईओ संजय यादव, अकाउंटेंट संदीप कुमार, समिति के प्रधान और सभी मेंबर उपस्थित थे। बैठक में किसानों की समस्याओं व सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।

### डिप्टी सीएम की आज तीन गांवों में जनसभाएं



**रेवाड़ी।** प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला 29 दिसंबर को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। दुष्यंत इस मौके पर लोगों की शिकायतें सुनेंगे और मौके पर उनका समाधान करेंगे। एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि उप मुख्यमंत्री प्रातः 11 बजे गांव तिहाड़ा, दोपहर 12 बजे प्राणपुरा तथा दोपहर 1 बजे आसलवास में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### सहकारिता मंत्री ने राजगढ़ व टांकड़ी में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

# आत्मनिर्भर और विकसित देशों में शामिल होगा भारत : बनवारी

लाभार्थियों को सरकार की 9 सालों की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर और ब्रॉशर का वितरण किया



रेवाड़ी। महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित करते डॉ. बनवारी लाल।



रेवाड़ी। महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित करते डॉ. बनवारी लाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल

सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि आजादी के 100वें वर्ष यानी 2047 में भारत आत्मनिर्भर और विकसित देशों की सूची में शामिल होगा। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल वीरवार को बावल विधानसभा के गांव राजगढ़ व टांकड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करने उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुहिम है। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के करोड़ों लोगों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर लाभार्थियों को सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉकड्रिल देखी।

#### योजनाओं का लाभ लेना आसान

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कृषि कार्य में ड्रोन के उपयोग करने की जानकारी ली। ड्रोन के माध्यम से दस लीटर के टैंक से चंद मिनटों में एक एकड़ की फसल में दवाई का छिड़काव किया जा सकता है, जिससे पानी और समय की भी बचत होती है। कार्यक्रम में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से नागरिकों को समझाया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं अब सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा भी ली।

#### संकल्प यात्रा का आज 30वां दिन

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि 29 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के 30वें दिन चार प्रचार वाहन प्रातः 10 बजे व सायं 3 बजे गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभांवित करेंगे। प्रचार वाहन नंबर-1 गांव खलीलपुरी में प्रातः 10 बजे व मांढैयां कलां में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-2 कोसली गांव बोहतवास भोंदू में प्रातः 10 बजे व जाड़रा में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-3 गांव चांदूवास में प्रातः 10 बजे व गांव खेड़ी डालूसिंह में सायं 3 बजे तथा प्रचार वाहन नंबर-4 गांव ऊंचा प्रातः 10 बजे व श्रीनगर में सायं 3 बजे पहुंचकर आमजन को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं से लाभांवित करेंगे।

#### अंत्योदय परिवारों को मुख्यधारा में लाएंगे

सहकारिता मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। देश की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि व उज्ज्वला योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का एक उद्देश्य यह भी है कि वंचित लोग केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकें। यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को गरीबों के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने 2047 में देश को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करने के लिए सभी लोगों के सहयोग की अपील की और संकल्प भी दिलाया।

# एम्स निर्माण की आवाज उठाएगी संघर्ष समिति



रेवाड़ी। एम्स निर्माण को लेकर धरना देते समिति सदस्य व ग्रामीण।

- दो जनवरी को प्रत्येक गांव में धरना देगी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

माजरा एम्स का शिलान्यास व निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर पुरानी उप तहसील मनेठी में एम्स संघर्ष समिति का धरना वीरवार को समिति प्रधान श्योताज सिंह की अध्यक्षता में जारी रहा।

धरने के 88वें दिन का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष बाबू कैलाश चंद व सचिव ओमप्रकाश सैन ने किया। धरने पर मनेठी, पाड़ला, अहरोद, शोभा की ढाणी, माजरा, नांधा, बलवाड़ी, भालखी, गोठड़ा, पाली, कुंड, मामड़िया, गोविंदपुरी, निमोठ, जैनाबाद, डहीना, नांगल, भठेड़ा, धवाना, सीहा, मांढण, महतावास, बासदूदा व खोल सहित 50 से अधिक गांवो के पुरुष व महिलाएं मौजूद थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जन पंचायत के बाद धरने पर जनता की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि माजरा एम्स निर्माण के लिए सभी शर्ते पूरी हो चुकी है। सरकार की ओर से एम्स शिलान्यास व निर्माण के लिए अब किस चीज का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स निर्माण को लेकर सरकार की जो भी मंशा हो, लेकिन एम्स संघर्ष समिति अपना आंदोलन जारी रखेगी। माजरा एम्स निर्माण का आंदोलन अब क्षेत्र के हर घर का आंदोलन बन चुका है। दो जनवरी को क्षेत्र के हर गांव में धरने के माध्यम से आवाज उठाई जाएगी। धरने पर समिति के प्रवक्ता कॉमरेड राजेंद्र सिंह, कर्नल राजेंद्र सिंह, रामस्वरूप सिंह अहरोदिया, जगदीश शर्मा, मास्टर लक्ष्मण सिंह, राजबीर सिंह नंबरदार, कंवल सिंह, डा. एचडी यादव व रिटायर्ड डीईओ धर्मवीर बल्ड़ोदिया ने अपने विचार रखे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अमरसिंह राजपुरा, बीडी यादव, भूपसिंह आर्य, गिंदौड़ी देवी, भारती देवी, मथुरा देवी, संतरा, संतोष कौशल्या, कमला, समला, लक्ष्मी देवी, चावली देवी, इमरती देवी, शोभा देवी, यादराम, लालीदेवी, बलवंत सिंह पंच व मूलचंद आर्य सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# अपग्रेड के लिए 'हरसमय' पोर्टल बंद किया, इंतजार में रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




पुलिस विभाग से संबंधित कई सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस को पोर्टल 'हर समय' दिनभर बंद रहा, जिससे पोर्टल की सेवाओं का उपयोग नहीं हो सका। अपग्रेड करने के लिए इस पोर्टल को वीरवार शाम 6 बजे तक बंद रखा गया।

इस दौरान विभाग से संबंधित ऑनलाइन कार्य बाधित रहे। पुलिस के इस पोर्टल से एफआईआर दर्ज कराने से लेकर एफआईआर की कॉपी लेने और दूसरी पुलिस सेवाओं की सुविधा मिलती है। कई नागरिक सेवाएं इस पोर्टल पर ऑनलाइन मिलती हैं, जिस कारण लोगों को पुलिस थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। क्राइम औकर क्रिमिनल से संबंधित डाटा भी पोर्टल पर मौजूद रहता है।

पुलिस सूत्रों अनुसार नए साल में पोर्टल को अपग्रेड कराने के लिए इस पर कार्य शुरू किया। पोर्टल वीरवार को सुबह से ही बंद था। इस दौरान ऑनलाइन पुलिस की सेवाओं से लोग शाम तक वंचित रहे।

#### एफआईआर अपलोड करने में भी दिक्कत

इस पोर्टल पर पुलिस थानों में दर्ज होने वाली एफआईआर तत्काल अपलोड कर दी जाती है, लेकिन सर्वर कार्य नहीं करने के कारण शाम तक दर्ज की गई एफआईआर पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाई। इससे संबंधित ताजा सूचना भी नहीं मिल सकी। शाम को 6 बजे पोर्टल ने कार्य करना शुरू कर दिया। उसके बाद एफआईआर अपलोड करने का सिलसिला तेजी से शुरू किया गया।

## नप ने अवैध रूप से लगे हॉर्डिंग्स हटाए

**रेवाड़ी।** शहर में अवैध रूप से हॉर्डिंग्स लगाकर अपनी जेबें गर्म करने वालों को अधिकारियो ने झटका देते हुए शहर से अवैध हॉर्डिंग्स हटवा दिए गए। नप अधिकारियों की नींद टूटने के बाद नए साल पर जगह-जगह हॉर्डिंग्स लगाने वाले लोगों को झटका लगा है। नगर परिषद ने राजनीतिक लोगों के हॉर्डिंग्स हटाने में अभी भी हिम्मत नहीं दिखाई। नप ने कई लोगों को नोटिस भी जारी किए हैं। हॉर्डिंग के लिए परिषद ने साइट तय की हुई हैं। इन साइट्स पर हॉर्डिंग्स की परमिशन ठेके के आधार पर दी जाती है। ठेके में पहले गोलमाल सुर्खियों में रहा था। कुछ ठेकेदार नप अधिकारियों से सांठगांठ कर हॉर्डिंग्स लगवाने में कामयाब हो रहे हैं।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास

- लोगों को 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/नाहड़



रेवाड़ी। कार्यक्रम में महिला की गोद भराई रस्म करते वीरकुमार व अन्य।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को जिले के गांव खटावली, खलियावास, लिलोढ़, करावरा मानकपुर, रामपुरी व रोलियावास में पहुंची।

गांव खटावली में भाजपा नेता सुनील मुसेपुर, खलियावास में सत्यदेव यादव, लिलोढ़ व करावरा मानकपुर में संयोजक बलजीत सिंह यादव, गांव रामपुरी में वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव तथा गांव रोलियावास में बीजेंद्र कुमार ने संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन, बीपीएल व गुलाबी राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड लाभ सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

#### विभागीय प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मुख्य अतिथियों ने विभिन्न स्थानों पर लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी व एनीमिया की जांच, निरोगी हरियाणा योजना का लाभ, कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल व ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए।

# कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का 139वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की ओर से वीरवार को बावल क्षेत्र में पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डा. एमएल रंगा के नेतृत्व में गांवों में पार्टी का झंडा लगाकर कांग्रेस को सुदृढ़ बनाकर केंद्र व प्रदेश में सरकार बनाने का संकल्प दिलाया गया। गांव सुलखा में आयोजित कार्यक्रम में डा. रंगा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीबों के खाते में 15 लाख रुपए देने की बात कही थी। महंगाई व भ्रष्टाचार कम करने की बात कही थी। युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए भी कहा गया, लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार इन मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा तथा बुजुर्गो की पेंश दोगुनी की जाएगी। प्रदेश में ढाई लाख रोजगार प्रदान किए जाएंगे। निजीकरण को समाप्त किया जाएगा। गांव हुसैनपुर, डालियावास, नारायणपुर, खरसानकी, जैतड़ावास में भी झंडा वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजसिंह, पूर्व सरपंच देवेन्द्र सिंह, दलवीर सिंह पूर्व पार्षद, सुली प्रधान, गजराज भांडोर, जगदीश, तकदीर हवलदार, सुभाष, महेन्द्र सिंह सरपंच भी मौजूद रहे।

# भाजपा ने महंगाई व बेरोजगारी बढ़ाई : चिरंजीव

- कांग्रेसी विधायक चिरंजीव राव ने यादव नगर में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। लोगों को संबोधित करते विधायक चिरंजीव राव। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेसी विधायक चिरंजीव राव ने वीरवार को शहर के यादव नगर में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी। कॉलोनीवासियों ने विधाय के समक्ष कच्ची गलियों को पक्का कराने और प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी की समस्याओं को दूर करने की मांग रखी। विधायक ने लोगों की सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया।विधायक चिरंजीव राव ने कहा राजस्थान में भाजपा सरकार की ओर से एक जनवरी से गैस सिलेंडर 450 रुपए में दिया जाएगा, जोकि अच्छी बात है, लेकिन हरियाणा वासियों ने क्या गुनाह किया है ,जिनको 1100 में गैस सिलेंडर मिल रहा है, जबकि हरियाणा में पिछले 9 साल से भाजपा की ही सरकार है। उन्होंने कहा कि सरकार एम्स के शिलान्यास में भी लगातार देरी कर रही है। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर बधाई दी। हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीय करण, कम्प्यूटर, सूचना का अधिकार, खाद्य पूर्ति का अधिकार सभी कांग्रेस की ही देन हैं। राहुल गांधी किसानों के लिए भूमि अधिग्रहण बिल लेकर आए, जबकि भाजपा ने पिछले 10 साल में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया है।

# किसानों को दिया प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नियाम और नाइस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गांव बिठवाना व कमलापुर में किसानों के लिए चल रहे तीन दिवसीय एग्रीकल्चर मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीरवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में दोनों गांवों में 80 के करीब किसानों ने भाग लिया। तीसरे दिन कृषि विज्ञान केंद्र से डा. राजकुमार ने किसानों को फसलों और फसलों को एक संस्था जैसे एफपीओ बनाकर काम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि संस्था बनाकर सभी किसान खाद बीज सस्ते दाम पर खरीद सकते हैं और फसल को भी महंगे दामों पर बेच सकते हैं। संस्था अध्यक्ष विभा सिंह के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर किसानों को सम्मानित भी किया गया।

### गुटबाजी के चलते लटका जिलाध्यक्ष का मामला, पूर्व मंत्री ने नहीं दिया किसी को उभरने का मौका

# कैप्टन को चुनौती देने के लिए तैयार हो रही कांग्रेस की 'टीम-बी'

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी



चिरंजीव राव



महाबीर मसानी



दिनेश ठेकेदार



महेन्द्र छाबड़ा

रेवाड़ी हलके से लगातार 6 बार चुनाव जीतने के मोदी लहर में एक बार सीट हाथ से खोकर फिर से बेटे को सौंपने वाले कैप्टन अजय सिंह यादव ने इस हलके में किसी भी कांग्रेसी नेता को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया। कैप्टन ने जिलाध्यक्ष के पद पर भी ऐसे कांग्रेसियों को आसीन कराया, जो पूरी तरह उनकी अधीन होकर कार्य करते रहे। अब इस हलके में कैप्टन और उनके बेटे को ऐसे चेहरों से चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, जो पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ जुड़कर अपना जनाधार और पार्टी में मजबूत पकड़ बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। रेवाड़ी में इस कांग्रेस की 'बी-टीम' माना जा सकता है।

वर्ष 1987 के विधानसभा चुनावों में लोकदल की टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा में प्रवेश करने वाले रघु यादव का कुछ समय बाद ही विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना कैप्टन अजय सिंह यादव के लिए वरदान साबित हुआ था। रघु के इस्तीफे के बाद हुए उपचुनाव में कैप्टन ने पहली बार विधानसभा में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने रेवाड़ी में अपना 'खूंटा' इतना मजबूत किया कि उन्हें ढाई दशक तक कोई मात नहीं दे सका। एक के बाद एक वह लगातार 6 चुनाव जीतने में कामयाब हो गए। एक समय ऐसा भी आया, जब कैप्टन दक्षिणी हरियाणा के दूसरे हलकों के नेताओं की लीडरशिप करने लगे। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों से पहले वह पूर्व सीएम चौ. भजनलाल के करीब रहे, परंतु कांग्रेस को बहुमत मिलने के बाद हुड्डा की सीएम पद पर ताजपोशी के बाद वह सीएम खेमे में शामिल हो गए। हुड्डा के दूसरे कार्यकाल में उन्हें फाइनेंस मिनिस्टर का महत्वपूर्ण पद मिला, लेकिन सीएम से पंगा लेकर उन्होंने यह पद हाथ से निकाल दिया। उन्होंने हुड्डा का खुलकर विरोध किया, लेकिन पार्टी हाईकमान पर हुड्डा की मजबूत पकड़ के कारण ह उनका कुछ नहीं बिगाड़ सके। बाद में कैप्टन उन मौकों पर हुड्डा के साथ खड़े नजर आए, जब उन्हें अपने राजनीतिक अस्तित्व पर खतरा दिखाई दिया। कभी हुड्डा पर निशाना साधना, तो उनकी तारीफ के पुल बांधना उनकी राजनीति में शामिल रहा।

#### कैप्टन के गढ़ में हुड्डा की टीम

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह ने हुड्डा ने कई मौकों पर कैप्टन के विरोध को देखते हुए पहले अहीरवाल के प्रभावशाली नेताओं को कैप्टन से दूर किया। उन्होंने अहीरवाल में ऐसे चेहरों को अपने साथ जोड़ने का कार्य शुरू किया, जो समय आने पर कैप्टन के लिए सरदर्द साबित हो सकें। उन्होंने महाबीर मसानी को मजबूती के साथ अपनी टीम में शामिल किया। अब पूर्व नेता राजेंद्र ठेकेदार के बेटे दिनेश यादव को इस हलके में मजबूती देना शुरू कर दिया। पंजाबी समाज पर अच्छी पकड़ रखने वाले महेंद्र छाबड़ा भी हुड्डा की टीम में शामिल हो चुके हैं।

#### बढ़ते जनाधार से बेटे के सामने चुनौती

इस हलके में हुड्डा के करीबियों की बढ़ती राजनीतिक ताकत आने वाले समय में उनके विधायक बेटे चिरंजीव राव के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। हुड्डा को एक बार फिर 'आंख' दिखाने की सूरत में काउंटर अटैक करने में उनकी टीम देर नहीं लगाएगी। यह भी हो सकता है कि कैप्टन को झटका देने के लिए अंदरखाने हुड्डा की टीम गुपचुप तरीके से अपने काम को अंजाम दे जाए। आने वाले समय में यह टीम जरूरत पड़ी तो टिकट की लाइन में लगकर भी चिरंजीव के सामने मुश्किल खड़ी करने काम कर सकती है।

### जैव विविधता संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

**नारनौल।** राजवंशी स्कूल दौचाना में श्रीकृष्णा समाज सुधार एवं पशु पक्षी कल्याण समिति संस्थान की ओर से पशु-पक्षी संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के प्रधान डा. राम अवतार, सचिव डा. सुमेर सिंह, डा. अमर सिंह व डा. महावीर थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को आधुनिक क्रियाकलापों व मानवीय कारणों से हो रहे पर्यावरण व जैव विविधता को हो रहे नुकसान से अवगत करना था। इस अवसर पर राम अवतार ने बताया कि आज के आधुनिक बच्चे ही भविष्य निर्माता है व इनका जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें पशु पक्षियों का संरक्षण करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सिंचाई करते हुए फिसला पांव, किसान की मौत

**नारनौल।** गांव धनौंदा में सवेरे सब्जी की फसल की पौध की सिंचाई करने खेतों में गए किसान की पैर फिसलने से होद में डूबने से मौत हो गई। हौद की गहराई करीब छह फुट बताई गई है। सुबह करीब 8 बजे लगभग 57 वर्षीय कैलाश यादव खेत में पौध की सिंचाई के लिए गए थे। वह हौद में से पानी ले रहे थे, तब उनका पैर फिसल गया और हौद के पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। सुबह 10 बजे खेत में जाने पर परिजनों को घटना का पता चला।

### नांगल चौधरी में कांग्रेस की बैठक 31 को

**नांगल चौधरी।** 31 दिसंबर को पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। जिसमें भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा बनाई जाएगी। पूर्व विधायक ने बताया कि नांगल चौधरी हलके में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य करवाया गया था। क्षेत्र में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम किया जाएगा। 31 दिसंबर को 20 गांवों के कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई है।

### मिड-डे-मील वर्कर एक को सौंपेंगी ज्ञापन

**नारनौल।** मिड-डे-मील वर्कर कम कुक से चिरायु योजना के अंतर्गत 1500 रुपये लेने के विरोध में एक जनवरी को जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने मिड-डे-मील कम कुक से 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लेकर पांच लाख रुपये तक का इलाज फ्री देने के प्रदेश सरकार के निर्णय को मिड-डे-मील कम कुक विरोधी करार दिया।

### सावित्री बाई के जन्मदिन पर कार्यक्रम 3 को

**नारनौल।** स्लम जागृति समिति पटीकरा में प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले का जन्मदिवस तीन जनवरी को 11 बजे डा. भीमराव अंबेडकर भवन सेका मार्ग पटीकरा में मनाया जाएगा। रिटायर्ड प्रिंसिपल सुमेर सिंह यादव, प्रो. शिवताज सिंह, महेंद्र सिंह खन्ना, ओमप्रकाश मोरवाल व ओमप्रकाश छापड़ा, मिथ्याचन्द यादव, रिटायर्र मैनेजर रामसिंह बुमरा, लेखाकार महेंद्र सिंह, मेजर ईश्वर सिंह, सरपंच राहुल यादव खैराणा शामिल होंगे।

### दो दुकानों के ताले तोड़कर नकदी चुराई

**नारनौल।** आजाद चौक में रात्रि को चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर वहां से नकदी चुरा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सुभाष चंद मुकेश कुमार के यहां जनरल स्टोर तथा श्याम स्वीट्स मां चामुंडा मंदिर गली में चोरों ने ताले तोड़ कर नगदी चुरा ली। सुभाष चंद के 20 हजार तथा श्याम स्वीट्स से 15 हजार रुपये चुरा ले गए।

### झूक में विद्यार्थियों को वितरित की गर्म स्वेटर

**महेंद्रगढ़।** राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय झूक में नौसेना से सेवानिवृत रणधीर सिंह विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित की। उन्होंने चार अन्य कर्मचारी को शॉल वितरित किए।

# मासूम के साथ पीड़िता पहुंची तो पसीजा एसपी का दिल

■ पड़िता ने लगाया था पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप, सिटी और सदर पुलिस थानों में उलझा हुआ मामला

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

ठंड के मौसम में मासूम बच्चे के साथ गुहार लगाने के लिए वीरवार को एक महिला पहुंची, तो एसपी दीपक सहारन का दिल पसीज गया। उन्होंने सदर एसएचओ को फोन करते हुए आदेश दिए कि आईओ को उसके घर भेजकर उसकी समस्या का हल कराया जाए। सिटी और सदर पुलिस थानों के चक्कर लगाकर परेशान हो चुकी महिला अपने मासूम बच्चे के साथ एसपी ऑफिस पहुंची थी, जिसके वहां से लौटते समय आंखों में न्याय की उम्मीद साफ झलक रही थी। बतरा कॉलोनी की एक महिला एसपी दीपक सहारन के पास शिकायत लेकर पहुंची थी। महिला ने एसपी को बताया कि शादी में उसके मायके पक्ष की ओर से यथासंभव दहेज दिया गया था। अब उसकी सास और पति पांच लाख रुपये लाने के लिए उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। उसके साथ मारपीट की जाती है। उसने पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज काफी दिन पहले दर्ज कराई थी, लेकिन सिटी पुलिस ने उसे सदर थाने में भेज दिया। सदर थाने वाले उसे सिटी थाने का मामला बताकर वहां जाने के लिए बोलते हैं। एसपी ने काफी देर तक पहले खुद महिला के मामले की जानकारी हासिल की। इसके बाद महिला को पहले सदर थाने जाने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने एचएसओ को आदेश दिए कि मामले की जांच करने वाली आईओ को ही पीड़िता के घर भेजकर उसकी समस्या का समाधान कराया जाए। एसएचओ को पीड़िता के नंबर देते हुए कहा कि वह तुरंत उससे संपर्क करने के बाद मामले का समाधान कराएं। इसके बाद महिला एसपी के व्यवहार से संतुष्ट होकर कार्रवाई की उम्मीद के साथ लौट गई।

### एसएचओ को दिए आईओ पीड़िता के घर भेजने के आदेश

#### फरियादियों को मिलता है ऑफिस में पूरा सम्मान



*एसपी दीपक सहारन के आने से पहले किसी भी पुलिस अधिकारी के सामने फरियादी को कुर्सी पर बैठने का मौका नहीं मिलता था। शिकायतकर्ता कोमुजरिम की तरह खड़े होकर गुहार लगानी पड़ती थी। दीपक सहारन हर शिकायतकर्ता को कुर्सी पर बैठाकर उसकी समस्या के ध्यान से सुनते हैं। इसके बाद उसका मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास करते हैं। गत दिनों उनके पास एक दिव्यांग मिलने के लिए पहुंचा, तो वह खुद ही उठकर कार्यालय से बाहर आ गए थे। उसकी फरियाद सुनते हुए उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि जो फरियादी चलने में सक्षम नहीं होता, उसे नीचे ही रोक दिया जाए। वह खुद उसकी समस्या सुनने के लिए उसके पास जाएंगे।*

### नांगल जमालपुर में हो रही दूषित पेयजल की सप्लाई

**कुंड।** गांव नांगल जमालपुर में काफी दिनों से दूषित पेयजल की समस्या बनी हुई है। पेयजल में बजरी मिट्टी व दूषित कण आ रहे है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इससे लोगों में बीमारियों के फैलने की आंशका बनी हुई है। ग्रामीण राहुल, भूपेंद्र, अजीत, मुकेश व संदीप ने बताया कि गांव में जोहड़ के पास पेयजल सप्लाई की लाइन टूटी हुई है, जिसके कारण गंदा पानी आ रहा है। गांव की सरपंच पूनम देवी के प्रतिनिधि बलबीर सिंह ने बताया कि समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

## विभाग के मुखिया भी नहीं मिले ऑफिस में, रिपोर्ट बनाकर कार्रवाई के लिए भेजी मुख्यालय

# एक्साइज ऑफिस में सीएम फ्लाइंग की रेड, आधे से अधिक स्टाफ मिला नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। एक्साइज डिपार्टमेंट में कर्मचारियों की हाजरी चैक करते हुए सीएम फ्लाइंग व एक्साइज डिपार्टमेंट में खाली पड़ी कुर्सी। फोटो :हरिभूमि

जब ऑफिस का मुखिया ही समय पर नहीं पहुंचे, तो दूसरे स्टाफ के समय से पहुंचने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। ऐसा ही नजारा वीरवार सुबह एक्साइज डिपार्टमेंट में उस समय देखने को मिला, जब सीएम फ्लाइंग की चेकिंग के दौरान खुद डीईटीसी ही कार्यालय में नहीं मिले। विभाग के अधिकांश जूनियर ऑफिसर भी कार्यालय से गायब मिले। 24 अधिकारियों और कर्मचारियों वाले इस ऑफिस में महज 9 कर्मचारी ही हाजिर मिले। इनकी रिपोर्ट बनाकर सीएम फ्लाइंग ने मुख्यालय को भेज दी।

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने सुबह करीब साढ़े 9 बजे जिला सचिवालय की दूसरी मंजिल पर आबकारी एवं कराधान विभाग के कार्यालय में दस्तक दी। इससे इस कार्यालय के साथ-साथ सचिवालय के दूसरे कार्यालयों में भी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सीएम फ्लाइंग ने ऑफिस का हाजिरी रजिस्टर कब्जे में लेकर फिजीकल वेरिफिकेशन करते हुए अनुपस्थिति की जांच की। इस ऑफिस के 17 अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं पाए गए। खुद डीईटीसी और विभाग के 3 एईटीओ व तीन एक्साइज इंस्पेक्टर भी अनुपस्थित पाए गए। कार्यालय की दो महिला चपड़ासी ड्यूटी पर नहीं पाई गईं।

### ऑफिसों में ठंड का पूरा असर

*डीईटीसी ऑफिस जिला सचिवालय की दूसरी मंजिल पर है। ग्राउंड फ्लोर पर डीसी ऑफिस है। इस तरह सचिवालय के कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों का समय पर नहीं पहुंचता इस बात के संकेत दे रहा है कि सरकार अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी के प्रति इमानदार नहीं हैं। ठंड का मौसम और साल के अंतिम माह के अंतिम दिनों में अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे में दूसरे कार्यालयों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।*

### पूरा पुलिस स्टाफ भी नदारद

इस कार्यालय में पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भी डेपुटेशन पर लिया हुआ है। पुलिस स्टाफ के अधिकारी और कर्मचारी भी गायब मिले। इनमें से एक ईएएसआई, तीन हवलदार और दो सिपाही शामिल हैं। इससे अदांजा लगाया जा सकता है कि सरकारी विभागों में अधिकारी और कर्मचारी किस तरह ड्यूटी के प्रति गंभीर हैं। फ्लाइंग इंचार्ज इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि नदारद मिले अधिकारियों और कर्मचारियों की रिपोर्ट तैयार करने के बाद उसे मुख्यालय को भेजा रहा है।



### यह अधिकारी और कर्मचारी मिले नदारद

*डीईटीसीओ लक्ष्मीनारायण*
*एईटीओ देवेश साहू*
*एईटीओ सुरेंद्र कुमार*
*एईटीओ प्रदीप कुमार*
*इंस्पेक्टरसुरेंद्र कुमार*
*इंस्पेक्टरआशीष यादव*
*इंस्पेक्टररक्षा देवी*
*चपड़ासी सरिता*
*चपड़ासी अर्चना*
*पुलिस विभाग के कर्मचारी*
*ईएएसआई प्रेमचंद*
*एचसी विजय*
*ईएचसी संदीप*
*ईएचसी राकेश*
*सीटी बलवान*
*सीटी राकेश।*



रेवाड़ी। शिक्षामंत्री से मिलते कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह। फोटो :हरिभूमि

# मांगों को लेकर मंत्रियों से मिले कोसली विधायक

■ मंत्रियों ने समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने वीरवार को कोसली क्षेत्र की विभिन्न स्वास्थ्य तथा शिक्षा संबंधी समस्याओं एवं मांगों को लेकर चंडीगढ़ में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज तथा शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से क्षेत्र में सराहनीय कार्य कराए जा रहे हैं। उसके बावजूद अनेकों क्षेत्रों में आज भी सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि कोसली क्षेत्र में बने सीएचसी तथा पीचसी में सुविधाओं की सुधार की आवश्यकता है। गांव रतनथल तथा लिलोढ़ के पीएचसी के भवन के निर्माण की आवश्यकता है। डहीना स्थित पीएचसी को सीएचसी बनाए जाने की मांग लगातार उठाई जाती रही है। बड़ा क्षेत्र होने यहां सीएचसी की आवश्यकता है। इन अतिरिक्त कोसली के नागरिक अस्पताल तथा क्षेत्र के तमाम पीएचसी तथा सीएचसी में दवाओं के साथ-साथ सुविधाओं को बेहतर किया जाए। कोसली विधायक ने शिक्षा मंत्री के साथ शैक्षणिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को लेकर अभी और सुधार की आवश्यकता है। स्कूल भवनों तथा खेल के मैदान सहित स्टॉफ व विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं को भी दुरुस्त करने की मांग की।

# ऑनलाइन गणित स्पर्धा में जेपीएस का मयंक अव्वल

■ छात्र ने प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त कर जिले व स्कूल को गौरवान्वित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। छात्र मंयक को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

फतेहाबाद शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय गणित प्रतियोगिता में जैन पब्लिक स्कूल के छात्र मयंक महेश्वरी ने सफलता का परचम लहराया है। छात्र ने प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त कर जिले व स्कूल को गौरवान्वित किया। यह आयोजन राष्ट्रीय गणित दिवस पर महान गणितज्ञ रामानुजम के योगदान को समर्पित रहा। इस उपलब्धि पर प्रबंधन समिति ने छात्र को सम्मानित किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि गत दिवस फतेहाबाद शिक्षा विभाग की ओर से ऑनलाइन मैथ क्विज का आयोजन किया गया। फतेहाबाद के डीईओ दयानंद सिहाग के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में क्विज मास्टर सुरेश कुमार, नोडल अधिकारी रमेश कुमार व डीएसएस मुकेश कुमार का योगदान रहा। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 750 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर निर्णायक मंडल ने जैन पब्लिक स्कूल के छात्र मयंक महेश्वरी को प्रथम विजेता घोषित किया तथा प्रमाण पत्र के साथ 2100 रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा ने उसे प्रमाण पत्र के साथ-साथ नकद राशि भी प्रदान की। प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, उप प्रधान राकेश जैन, सचिव अमित जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन व प्रबंधक मोहित जैन सहित सदस्य अनुज जैन, भारत जैन, पलका जैन व प्रद्युम्न जैन छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रीमियम लेने के विरोध में मिड-डेमील कमियों का प्रदर्शन एक जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ सरकार के नाम डीसी के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा

■ कर्मियों से प्रीमियम की वसूली गई राशि वापस करने की मांग

मिड-डेमील कम कुक से 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लेकर 5 लाख रुपये तक का इलाज फ्री देने के हरियाणा सरकार के निर्णय को श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी ने अनुचित एवं कार्यकर्ता विरोधी करार दिया है। प्रदेश की मिड-डेमील कर्मियों के निःशुल्क इलाज की मांग को लेकर मिड-डेमील कार्यकर्ता यूनियन की ओर से प्रदर्शन करके एक जनवरी को सरकार के नाम डीसी के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। एआईयूटीयूसी के राज्य प्रधान कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि मिड-डेमील कार्यकर्ता को साल में महज 10 माह का 7000 रुपये प्रति माइ मानदेय दिया जाता है, जोकि साल के 70000 रुपये बनते है। सरकार की योजना के अंतर्गत चिरायु योजना का लाभ उनको फ्री मिलता है, जिनकी सालाना आय 1 लाख 80000 है। मिड-डेमील कार्यकर्ताओं से प्रीमियम लेकर सरकारअपनी ही योजना की अवेहलना कर रही है। कॉमरेड सिंह ने कहा कि मिड-डेमील कर्मी आर्थिक मामले में समाज के सबसे निचले पायदान पर है, जिनमे काफी संख्या में विधवा महिलाएं है, जो मामूली मानदेय के बदले पूरा दिन स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रही है।

उन्होंने सरकार से प्रदेश के सभी मिड-डेमील कर्मियों को 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लिए बिना 5 लाख तक के इलाज की सुविधा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन मिड-डेमील कर्मियों से प्रीमियम की राशि वसूल की जा चुकी है, उसे भी वापस लौटाया जाए।



रेवाड़ी। लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते हुए मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

# हर जरूरतमंद को विकास की पंक्ति में आगे खड़ा करना भाजपा का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली उपमंडल के गांव लिलोढ में विधानसभा के संयोजक बलजीत सिंह यादव ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना की पात्र लाभार्थियों को गैस कनैक्शन वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को विकास की पंक्ति में आगे खड़ा करना भाजपा सरकार का लक्ष्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार का आर्थिक उत्थान करना एवं उनके द्वार पर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान व सरकार की योजनाओं का लाभ इस यात्रा के माध्यम से लोगों के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य मास्टर हुकमचन्द यादव, नाहड़ मंडल अध्यक्ष सरदार सिंह बहाला, रणबीर कोहारड़, मुकेश लता व कृष्ण कुमार जुड्डी सहित विभागों के अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**जागरूक**

## वर्ष 2023 में जनवरी से नवंबर तक ईआरवी कंट्रोल रूम में 40549 कॉल प्राप्त हुई

आम आदमी के जान एवं माल की सुरक्षा करना पुलिस की अहम जिम्मेदारी

# पीड़ितों एवं फरियादियों के लिए वरदान साबित हो रही डायल 112: सहारन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि जिले में डायल 112 पुलिस सेवा पीड़ितों व फरियादियों के लिए वरदान साबित हो रही है। जब भी कोई नागरिक स्वयं को असहाय एवं असुरक्षित महसूस करता है, तो वह तुरंत डायल 112 पर कॉल करता है तो पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचती है। एसपी ने कहा कि सेवा, सुरक्षा और सहयोग पुलिस का परम दायित्व है तथा आम आदमी के जान एवं माल की सुरक्षा करना पुलिस की अहम जिम्मेदारी है। डायल 112 प्रोजेक्ट के तहत जिले में तैनात इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकल व ईआरवी कॉल प्राप्त होने के महज कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों की मदद कर रहे है। सड़क दुर्घटना, झगड़ा, महिलाओं के विरूद्ध अपराध व बच्चों से संबंधित अपराधों व घटनाओं की सूचना मिलते ही ईआरवी तुरंत मौके पर पहुंच कर लोगों की सहायता करने के साथ घायलों की जान बचाने का काम भी कर रही है। जिससे पुलिस का सेवा, सुरक्षा व सहयोग का नारा सार्थक हो रहा है। वर्ष 2023 में जनवरी से नवंबर तक जिले में ईआरवी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में 40549 कॉल प्राप्त हो चुकी है। कॉल प्राप्त होते ही डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर शिकायतों का निपटारा किया। प्रदेश सरकार की ओर से 12 जुलाई 2021 को डायल 112 प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई थी। प्रोजेक्ट के तहत इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकलों में घायलों की मदद के लिए स्ट्रेचर, फर्स्ट एड बाक्स के अलावा अन्य उपकरण भी लगाए गए हैं।




रेवाड़ी। थाने में खड़ी ईआरवी। फोटो :हरिभूमि

### डायल 112 के तहत प्राप्त कॉल का विवरण

*जनवरी-2851, फरवरी-3093, मार्च-3377, अप्रैल-3432, मई-3511,जून-3692, जुलाई-3911, अगस्त-4181, सितम्बर-4323, अक्टूबर-4261 व नवंबर में 3917 कॉल प्राप्त हुई। डायल 112 योजना के तहत प्रत्येक थाना क्षेत्र के अनुसार दो ईआरवी तैनात किए गए हैं। जिले में 26 ईआरवी लोगों की मदद कर रही हैं।*

### डायल 112 पर झूठी सूचना न दें: एसपी



किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर कॉल कर पुलिस की मदद ली जा सकती है। कॉल प्राप्त होने के महज कुछ मिनटों में ईआरवी घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों को मदद पहुंचा रही है। डायल 112 पर किसी भी प्रकार की झूठी सूचना न दें, झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **दीपक सहारन, एसपी रेवाड़ी।**